आज के मैच

गुजरात V/S हैदराबाद
समय-3.30 बजे, हैदराबाद में

दिल्ली V/S चेन्नई
शाम-7.30 बजे से विशाखापत्तनम में

खास-खबर

एलएसजी ने विली की जगह मैट हेनरी को किया टीम में शामिल

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को आईपीएल 2024 के बीच बड़ा झटका लगा है। दरअसल, एलएसजी के ऑलराउंडर डेविड विली निजी कारणों से आईपीएल 2024 से हट गए हैं। विली ने अब तक इस सीजन में एक भी मैच नहीं खेला है। वहीं विली के रिप्लेसमेंट के तौर पर लखनऊ ने मैट हेनरी को टीम में शामिल किया है। उन्हें 1.25 करोड़ की बेस प्राइस में लखनऊ टीम ने अपने साथ जोड़ा है। मैट हेनरी ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट की घरेलू सीरीज में दमदार गेंदबाजी की थी। हेनरी ने 2 टेस्ट में कुल 17 विकेट झटके थे। उन्होंने दो बार पारी में 5 विकेट लेने का कारनामा किया था।

केकेआर से मिली हार से उजागर हुईं आरसीबी की गेंदबाजी की कमियां

बेंगलुरु (एजेंसी)। कोई भी राय बनाने के लिए तीन मैच भले ही काफी कम हों लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की गेंदबाजी में 'वैराइटी' की कमी को देखते हुए लगता है कि यह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र उनके लिए थकाऊ होने वाला है। शुक्रवार रात कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 183 रन के लक्ष्य का बचाव करते हुए आरसीबी के गेंदबाज प्रतिद्वंद्वी टीम के बल्लेबाजों को बड़े शॉट खेलने से रोक नहीं सके जिससे उन्हें सात विकेट से हार मिली। विशाख विजयकुमार ही एकमात्र गेंदबाज थे जिन्होंने 'नकल बॉल' का अच्छा इस्तेमाल कर 23 रन देकर एक विकेट झटका लेकिन अनुभवी गेंदबाज इस तरह की विविधता लाने में कामयाब नहीं हो सके। विजयकुमार ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना थोड़ा बेहतर था क्योंकि ओस के कारण गेंद तेजी से बल्ले पर आ रही थी। मैं 'हार्ड लेंथ' बॉल इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा था।

दो मैच हारने के बाद कप्तान हार्दिक पंड्या ने लिया ब्रेक

मुंबई (एजेंसी)। आईपीएल 2024 का सीजन अभी तक मुंबई इंडियंस के नए कप्तान हार्दिक पंड्या के लिए बुरे सपने के समान है। पांच बार की चैंपियन अभी तक जीत का खाता नहीं खोल सकी है। पिछले हाईस्को रिंग मैच में मुंबई इंडियंस को सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों मिली 31 रन से हार मिली थी। जिसके बाद क्रिकेट के दिग्गकजों हार्दिक पंड्या को दोषी ठहराते हुए जमकर आलोचना की थी। अब एमआई का अगला मुकाबला राजस्थौन रॉयल्सद से एक अप्रैल को मुंबई के वानखेड़े स्टे डियम में खेला जाएगा। इसके लिए एमआई की टीम मुंबई लौट चुकी है, लेकिन इसी बीच कप्तान पंड्या ने अगले

मैच से पहले ब्रेक लेने का फैसला लिया है। मुंबई इंडियंस की टीम हैदराबाद से मुंबई लौट आई है। वन क्रिकेट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कप्तान हार्दिक पंड्या मुंबई एयरपोर्ट से सीधे अपने मुंबई स्थित घर लौटे हैं। मुंबई इंडियंस का अगला मुकाबला 1 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होम ग्राउंड पर खेलना है। ऐसे में पंड्या ने कुछ समय परिवार के साथ बिताने का फैसला किया है। सनराइजर्स के खिलाफ मैच हार्दिक पंड्या की कप्तूनी के साथ ही उनकी बल्लेबाजी पर भी सवाल उठे थे। क्रिकेट के दिग्गैजों ने सवाल उठाया था कि जब जसप्रीत बुमराह ने अपने पहले ओवर में शानदार गेंदबाजी की थी तो उन्हेंट फिर से 10 ओवर के बाद क्यों लाया गया। अगर पहले ही बुमराह को ले आते तो स्कोओर इतना बड़ा नहीं होता। इसके साथ ही हार्दिक पंड्या की धीमी गति से बल्लेबाजी पर भी सवाल किए गए। जब टीम को ढाई सौ के स्ट्रांइक रेट से रन की दरकार थी, तब पंड्या 120 के स्ट्राइक रेट से खेल रहे थे। मुंबई इंडियंस का पहला मैच गुजरात टाइटंस के खिलाफ था, जिसमें मुंबई को 6 रन से करीबी हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद दूसरा मैच सनराइजर्स हैदराबाद से हुआ था। उस हाई स्कोरिंग मैच में मुंबई इंडियंस को 31 रनों से हार मिली थी। मुंबई के सामने हैदराबाद ने 277 रनों का बड़ा लक्ष्यक रखा था। जिसके जवाब में मुंबई 246 रन ही बना सकी थी।

पंजाब को हराकर लखनऊ ने खोला जीत का खाता

लखनऊ(एजेंसी)। प्लेयर आफ द मैच मयंक यादव ने अपने डेब्यू मैच में तीन विकेट के साथ क्विंटन डिकॉक (54) और क्रुणाल पंड्या (43), निकोलस पूरन (42) रनों के सहारे लखनऊ सुपर जायंट्स ने शनिवार को आईपीएल के 11 वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को 21 रनों से पराजित कर दिया। यह लखनऊ की दो मैचों में पहली जीत रही।

जीत के लिए 200 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब किंग्स ने कप्तान शिखर धवन (70) और जॉनी बेयरस्टो (42) ने टीम को अच्छी शुरुआत दी और 12 वें ओवर में बिना विकेट खोए 102 रन तक पहुंचा दिया। यहीं से मैच में मोड़ आया जब डेब्यू मैच की शुरुआत करते मयंक यादव ने बेयरस्टो को आउट करने के बाद प्रभसिमरन सिंह (19) और जितेश शर्मा (6) के विकेट लेकर लखनऊ को जीत की दहलीज पर पहुंचा दिया। मयंक के अलावा मोहसिन ने दो विकेट चटकाए और पंजाब टीम निर्धारित ओवरों में 5 विकेट पर 178 रन बना पाई।

इकाना के खूबसूरत मैदान पर एलएसजी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। इंपेक्ट प्लेयर के तौर पर खेल रहे टीम के नियमित कप्तान केएल राहुल (15) ने डिकॉक के साथ पारी की शुरुआत करते हुये 35 रन 3.5 ओवर में जोड़ लिये मगर इस बीच राहुल अर्शदीप की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। पंजाब को दूसरी सफलता देवदत्त पडिक्कल (9) के तौर पर जल्दी ही मिल गयी। मेजबान टीम का तीसरा विकेट मार्कस स्टॉयनिस (19) के रुप में नौवें ओवर में गिरा, उस समय एलएसजी का स्कोर 78 रन था। एक छोर पर मजबूती के साथ डटे डिकॉक का साथ निकोलस पूरन ने दिया और दोनो ने रन गति को तेजी से बढाया। इस बीच पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने एक बार फिर अर्शदीप को गेंद पकडायी और उन्होने डिकॉक का विकेट झटक कर अपने कप्तान को मुस्कराने का मौका दे दिया। उधर निकोलस पूरन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया और तीन चौके और तीन छक्के लगाकर इकाना के तापमान को और बढा दिया।

स्कोर बोर्ड

लखनऊ सुपर जायंट्स: डिकॉक कै. जितेश बो. अर्शदीप 54, राहुल कै. बेयरस्टो बो. अर्शदीप 15, पड़िक्कल कै. धवन बो. करन 9,स्टॉयनिस बो. चाहर 19, पूरन बो. रबाडा 42, बदोनी कै. बेयरस्टो बो. करन 8, (नाबाद) 43, बिश्नोई कै. त्यागराजन (स्थानापन्न) बो. करन 0, मोहसिन रन आउट 2, नवीन (नाबाद) 0, **अतिरिक्त** 7,**कुल** 8 विकेट पर 199 रन। **विकेट पतन:** 1-35, 2-45, 3-78, 4-125, 5-146, 6-189, 7-189,8-197 । **गेंदबाज़ी:** करन 4-0-28-3, अर्शदीप 3-0-30-2, रबाडा 4-0-38-1,चाहर 3-0-42-1, बराड़ 2-0-14-0,हर्षल 4-0-45-0।

पंजाब किंग्स: धवन कै. डिकॉक बो. मोहिसिन 70, बेयरस्टो कै. स्टॉयनिस बो. मयंक 42, प्रभसिमरन कै. नवीन बो. मयंक 19,जितेश कै. नवीन बो. मयंक 6, लिविंगस्टन (नाबाद) 28, करन कै.पूरन बो. मोहिसिन 0, शशांक(नाबाद)9, **अतिरिक्त** 4, **कुल** 5 विकेट पर 178 रन। **विकेट पतन:** 1-102, 2-128, 3-139, 4-141, 5-141। **गेंदबाज़ी:** सिद्धार्थ 2-0-21-0, नवीन 4-0-43-0, मोहसिन 4-0-34-2,क्रुणाल 3-0-26-0, बिश्नोई 3-0-25-0,मयंक यादव 4-0-27-3।

सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार फॉर्म से गुजरात टाइटन्स को खतरा

अहमदाबाद (एजेंसी)। आईपीएल 2024 के पहले हेडर में रविवार कोगुजरात टाइटंस का सामना बेहतरीन फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। ये मुकाबला दोपहर 3.30 बजे यहां खेला जाएगा। इस मैच में गुजरात टाइटंस को सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार लय को रोकने की कोशिश करनी है तो उसे अपने गेंदबाजी आक्रमण में सुधार करना होगा। दरअसल, सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रन बनाकर आईपीएल का

सर्वकालिक रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया और सत्र की पहली जीत हासिल की। वहीं गुजरात टाइटन्स ने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस पर जीत से शुरूआत की लेकिन पिछले मैच में चेन्नई में उसे हार का सामना करना पड़ा। चोटिल मोहम्मद शमी की जगह खेल रहे उमेश यादव कहीं भी उनके बराबर नहीं हैं जो गुजरात टाइटन्स के लिए बड़ी परेशानी साबित हो रहा है। 63 रन से मिली हार से उनका नेट रन रेट प्रभावित हुआ जो -1.425 पहुंच गया है और यह लीग की 10 टीम में सबसे खराब है।टूर्नामेंट के अंतिम छोर में गुजरात के लिए कुछ समस्याएं खड़ी हो सकती हैं। हालांकि, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हार्दिक पंड्या के जाने से टीम का संतुलन बिगड़ा है जो अपनी हरफनमौला काबिलियत से संतुलन बनाये रखते थे। पिछले दो सत्र में गुजरात टाइटन्स विजेता और उप विजेता रही थी। लेकिन शुभमन गिल की कप्तानी में टीम को भारतीय ऑलराउंडर पंड्या की कमी खल रही है। गुजरात के पिछले मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा दिये गये 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए साई सुदर्शन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज 30 रन तक नहीं पहुंच सका। सुदर्शन और विजय शंकर धीमी बल्लेबाजी कर रहे हैं जबकि गिल की टी-20 बल्लेबाजी की फिर से आलोचना हो रही है जिन्होंने 31 और आठ रन की पारियां खेली हैं। वहीं उनके फिनिशर डेविड

मिलर (12 और 21 रन) भी जूझ रहे हैं और मध्य ओवरों में उनकी बल्लेबाजी काफी धीमी रही। अब टीम उम्मीद करेगी कि मिलर अपनी फॉर्म में वापसी करें क्योंकि उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी की बराबरी करने के लिए बल्ले से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। टूर्नामेंट की छुपी रूस्तम सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मैच में घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ तीन विकेट पर 277 रन बनाकर 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा बनाये गये आईपीएल के पांच विकेट पर 263 रन के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। आस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता ट्रेविस हेड (62 रन, 24 गेंद) ने शानदार पदार्पण किया और सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 18 गेंद में सबसे तेज अर्द्धशतक जड़कर विस्फोटक शुरूआत करायी।

चेन्नई सुपर किंग्स की चुनौती से निपटना दिल्ली के लिए जरूरी

विशाखापट्टनम (एजेंसी)। आईपीएल 2024 के दूसरे हेडर में रविवार को दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा। ये मैच यहां शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। वहीं सीएसके के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स अपनी बल्लेबाजी क्रम में फेरबदल करके विस्फोटक बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को मौका दे सकता है। हालांकि, टी-20 प्रारूप में हालांकि काफी कुछ टॉस पर निर्भर करता है लेकिन दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) पिछली चार भिड़ंत में सीएसके की चुनौती से पार नहीं पा सकी है और इसमें भी उसकी हार का अंतर 91 रन, 27 रन और 77 रन रहा है । जो उसकी हालत दर्शाने के लिए काफी है। और यह भी देखना होगा कि इन तीन करारी शिकस्त में डीसी की कोर टीम लगभग समान ही रही है, बस पिछली भिड़ंत में ऋषभ पंत उपलब्ध नहीं थे। इसे देखते हुए सीएसके के खिलाफ दिल्ली की जीत को टूर्नामेंट का बड़ा उलटफेर भी माना जायेगा। वहीं सीएसके एक बार फिर हर विभाग में मजबूत दिख रही है जो कोच रिकी पोंटिंग की डीसी से बिलकुल ही उलट है। क्योंकि दिल्ली की टीम अभी तक खेल के दोनों विभागों में कमजोर रही है। डीसी के सहमालिक जीएमआर और जेएसडब्ल्यू पिछले कुछ वर्षों से नीलामी में ही टीम संयोजन में गड़बड़ी करते रहे हैं जिससे पोंटिंग या क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली घरेलू प्रतिभाओं से ज्यादा कुछ नहीं कर सकते हैं।

अप्रैल के आखिरी हफ्ते में हो सकता है टी-20 वर्ल्ड कप टीम का ऐलान

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी-20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम के अप्रैल के अंतिम हफ्ते में चुने जाने की संभावना है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टीम सौंपने की अंतिम तारीख एक मई है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। लेकिन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली प्रत्येक टीम को 25 मई तक अपनी शुरूआती टीम में खिलड़ियों को बदलने का मौका मिलेगा। बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, भारतीय टीम का चयन अप्रैल के अंतिम हफ्ते के दौरान किया जायेगा और इस समय तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का पहला हिस्सा खत्म हो जायेगा जिससे राष्ट्रीय चयन समिति दावेदारों की फॉर्म और फिटनेस का आकलन करने की स्थिति में होगी।

मानसिकता में बदलाव और निरंतरता से चमक रहे हैं बराड़ :सुनील जोशी

लखनऊ (एजेंसी)। पंजाब के स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी ने बताया कि वे आगामी मुकाबले में अपनी गेंदबाजी इकाई को इस सतह का पूरा फायदा उठाने के लिए कैसे तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह टी-20 है और कभी भी कुछ भी हो सकता है। विचार यह है कि अपनी गलतियों को कम से कम करें, सकारात्मक चीजों की तलाश करें और दबाव बनाए रखें। एक गेंदबाजी कोच के रूप में, मैं गेंदबाजों को हर गेंद पर दबाव बनाए रखने के लिए कह सकता हूं और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि बल्लेबाज छक्का लगाने का प्रयास करता है या नहीं। हम जो नियंत्रित कर सकते हैं वह यह है कि हम सभी 24 अच्छी गेंदें फेंकें। जोशी ने कहा कि इकाना पिच

के बारे में बात करते हुए मैं कह सकता हूं कि इस सतह पर बाउंस और डायमेंशन कैसे काम करते हैं। इसलिए मेरा काम खिलाड़ियों को यह बताना है कि कौन सी अच्छी जगह है जिसे टारगेट करते हुए हम पिच से अधिकतम लाभ उठाने के लिए गेंदबाजी कर सकते हैं। पूर्व भारतीय बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज ने इस सीजन अब तक लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के लिए हरप्रीत बराड़ की भी प्रशंसा की। बराड़ ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पंजाब के पहले मैच में 1/14 के आंकड़े दर्ज किए और उसके बाद आरसीबी के खिलाफ 2/13 के आंकड़े दर्ज किए। बराड़ की गेंदबाजी में सीजन दर सीजन काफी बदलाव आया है। 2019 में डेब्यू करने वाले बराड़ को पहले दो सीजन में मिलाकर केवल तीन मैच खेलने का मौका मिला था। हालांकि, 2021 में उन्होंने सात मैचों में पांच विकेट लिए थे और उनकी इकॉनमी 6.04 की रही थी।

बाबर को सफेद गेंद के प्रारूप में कप्तानी की पेशकश

लाहौर (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने बाबर आजम को सफेद गेंद के प्रारूप में कप्तानी की पेशकश की है लेकिन इस स्टार खिलाड़ी ने अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। सूत्रों ने दावा किया कि पीसीबी अध्यक्ष ने बाबर को यह पेशकश की है। यह भी पता चला है कि बाबर ने कप्तानी स्वीकार करने के लिए कुछ शर्तें भी रखी हैं जिसमें कोचों की नियुक्ति में भी उनकी राय लेना शामिल है। बाबर ने यह भी कहा है कि उन्हें तीनों प्रारूपों में टीम की कमान सौंपी जानी चाहिए। पर राष्ट्रीय चयन समिति की राय इस मुद्दे पर बंटी हुई है। पंजाब के एक पूर्व कार्यवाहक मंत्री बाबर को कप्तानी के साथ उनकी शर्तें मानने के पक्ष में नहीं हैं। सूत्र ने कहा, चयन समिति के कुछ सदस्यों को अब लगता है कि सबसे अच्छी बात यह है कि अप्रैल में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज के लिए शाहीन शाह अफरीदी को कप्तान बने रहने दिया जाए और उन्हें अपनी योग्यता साबित करने का मौका दिया जाए।

शाहीन पीसीबी से निराश, छोड़ सकते हैं टी-20 टीम की कप्तानी

पाकिस्तान क्रिकेट और टी-20 कप्तान के रूप में अपने भविष्य के बारे में चर्चा में शामिल नहीं होने से निराश तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। शाहीन के करीबी सूत्र ने कहा कि गेंदबाज इस बात से नाराज हैं कि जहां तक कप्तानी या कोचों की नियुक्ति का सवाल है, पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी या राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने एक बार भी उनसे अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में बात नहीं की है।

सिनर और दिमित्रोव मियामी ओपन के फाइनल में

मियामी गार्डन्स (एजेंसी)। दूसरे वरीय यानिक सिनर ने शुक्रवार को यहां तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव पर जीत से मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। रविवार को फाइनल में सिनर का सामना 11वें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा जिन्होंने चौथे वरीय एलेक्जैंडर ज्वेरेव को दूसरे सेमीफाइनल में शिकस्त दी। सिनर ने सेमीफाइनल में दमदार खेल दिखाते हुए मेदवेदेव को 6-1 6-2 से मात दी। दिमित्रोव ने शीर्ष वरीय कार्लोस अल्काराज को क्वार्टरफाइनल में हराने के बाद सेमीफाइनल में जर्मनी के ज्वेरेव को 6-4, 6-7, 6-4 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनायी। महिला वर्ग का फाइनल शनिवार को अमेरिका की डेनियल कोलिंस और चौथी वरीय एलीना रिबाकिना के बीच खेला जायेगा।

हॉकी प्रतिभाओं का सम्मान आज

नई दिल्ली (एजेंसी)। हॉकी की दिग्गज हस्तियों की मौजूदगी में रविवार को यहां भारतीय हॉकी के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा। इस वर्ष के पुरस्कार समारोह में कुल पुरस्कार राशि सात करोड़ 56 लाख रुपये रखी गयी है। आठ श्रेणियों में दिये जाने वाले इन पुरस्कारों के लिये 32 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इन खिलाड़ियों की 2023 कैलेंडर वर्ष में भारतीय हॉकी में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सराहना की जाएगी।